HINT MEDIA

Date: 23/12/2021

आईटीएस कॉलेज में बेसिक लाईफ सपोर्ट को लेकर कार्यशाला आयोजित

Hint Media Thursday, 23 December 2021, 12:10 pm No Comments

गाजियाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आईटीएस डैंटल कॉलेज मुरादनगर में गत वर्षों की भांति संजीवन क्रिया (बेसिक लाईफ सपोर्ट) एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संजीवन क्रिया एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों का प्रशिक्षण सभी बीडीएस, मेडिकल और पैरामेडिकल छात्रों के लिए अनिवार्य है।

संस्थान ने छात्रों एवं दंत चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन कराया। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन बेसिक लाईफ सपोर्ट देने के लिए विश्व विख्यात है। कार्यशाला में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से दंत चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के कार्यकारी अधिकारियों ने प्रत्येक दंत चिकित्सक एवं छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया। इसी के साथ उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षा भी ली जिसमें सभी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए।

इस प्रशिक्षण को हार्ट संबंधी आपात स्थिति और अन्य चिकित्सा स्थितियों में मरीज़ों के जीवन की रक्षा एवं अकस्मात मृत्यु से बचाने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा।

अन्त में आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज, डॉ. श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य, डॉ. देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने नियमित अभ्यास में बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग का उपयोग करने की सलाह दी ताकि मरीज़ों और समाज को अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं दी जा सकें।

Web link: https://www.hintmedia.in/workshop-on-basic-life-support-organized-in-its-college/